जलगांव में 660 मिलियन लीटर पानी की क्षमता

150 गांवों को मिलेगा लाभ

नाशिक, सं. मैरिको लिमिटेड ने अपने लक्ष्य पूर्ति हेतु अल्प बारिश होने वाले इलाकों में स्थानीय लोगों के लिए राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत गाद मुक्त बांध, गाद युक्त शिवार जलगांव जिले को गोद लिया. इस एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन दृष्टिकोण के माध्यम से उन्होंने 664 मिलियन लीटर पानी की क्षमता का निर्माण किया और जलगांव जिले के 150 गांवों को लाभान्वित किया. फरवरी 2019 में मैरिको ने सरकार के उद्देश्य की सहायता हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर सरकार के साथ साझेदारी की. जलगांव को गोद लेने के बाद, मैरिको ने सूखाग्रस्त गतिविधियों की सेवा उपलब्ध कराई, जिसमें बांधों की डिसिल्टिंग और एकीकृत वाटरशेड उपचार का समावेश है.

मैरिको लिमिटेड ने सरकार के सहयोग से किया काम

जलाशय पहल द्वारा कंपनी डिसिल्टिंग के माध्यम से 170 बांधों में पानी की क्षमता का निर्माण कर जिले के 150 से अधिक गांवों का समर्थन कर रही है. किसानों को कृषि कार्यों के लिए पानी की जरूरत और खुदाई की गई गाद के उपयोग से भूमि की उर्वरता में सुधार के अलावा ये पहल घरेलू खपत के लिए पानी प्रदान करने और क्षेत्र में आजीविका के सुधार में भी काफी मददगार साबित हुई है.

- मैरिको द्वारा लिए गए जलाशय पहल की सफलता हेतु कंपनी ने पाचोरा तहसील में जल पूजन का आयोजन किया गया. जलगांव के जिला कलेक्टर अविनाश ढाकने, पाचोरा के तहसीलदार कैलास चावडे, प्रांत अधिकारी राजेंद्र काचरे, सरपंच सरलाबाई रमेशचंद्र बाफना, एनजीओ सहभागी, पंचायत सदस्य, किसान लाभार्थी और पाचोरा कोल्हे गांव के सामुदायिक सदस्य की उपस्थिति रही.

- उदयराज प्रभु, कार्यकारी उपाध्यक्ष और हेड, बिजनेस प्रोसेस ट्रांसफार्मेशन आईटी- मैरिको लिमिटेड ने इस पहल पर भाष्य करते हुए कहा कि मैरिको के सस्टेनेबिलिटी कार्यसूची का पानी एक अहम हिस्सा है और देश के जल संसाधनों के प्रभावी संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ावा देने का हमारा लक्ष्य है. हमारा उद्देश्य 2022 तक मैरिको द्वारा संग्रहित जलाशय को 10 गुना बढ़ाने का है.